दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका  संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916  सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 99 | छतरपुर, मंगलवार 05 नवम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16


## 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राहियों के आयुष्मान प्राथमिकता से बनाएंः कलेक्टर

### 100 दिवस तक सीएम हेल्पलाइन लंबित न रहे, ग्रामों में बिजली कटौती की समस्याओं के निराकरण के भी दिए निर्देश



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर काजोल सिंह, डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ नगरीय निकाय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने जनपद सीईओ और निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी हितग्राहियों का अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा लक्ष्य के अनुसार कार्य करें। कलेक्टर ने सीएमएचओ कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाए और मॉनिटरिंग करें। साथ ही प्रत्येक वार्ड के लिए आरआई और एआरआई की आईडी बनाई जाए। साथ ही आशाओं की आईडी का उपयोग करें।

कलेक्टर ने डीएमओ मार्कफेड से जिले में खाद की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम किसान योजना के तहत लंबित किसानों की ईकेवायसी कराने के निर्देश देते हुए नौगांव, छतरपुर और लवकुशनगर जनपद सीईओ से कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए और कृषकों की फॉर्मर आईडी जनरेट कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय और निजी कूपों के मुंडेर बनाने के कार्य की समीक्षा करते हुए गति बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलवार बिजली की कटौती वाले ग्रामों कि समीक्षा की और एसई एमपीईबी को बिजली की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही समय सीमा के लंबित प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को टूर डायरी भेजने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रसूति सहायता राशि के शत प्रतिशत हितग्राहियों के बैंक खातों में भुगतान के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें और शिकायतों को संतुष्टि से बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एक भी शिकायत ओटीपी के माध्यम से बंद नहीं कराएं। कलेक्टर ने 100 दिवस से अधिक की राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग आदि की शिकायतों को प्रमुखता से संतुष्टि पूर्वक बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा छतरपुर, लवकुशनगर और गौरिहार एसडीएम को शिकायतों के निराकरण का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही जल्दी निराकरण के लिए पटवारियों की ड्यूटी निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा अधिकारी शिकायतों की पूरी जानकारी रखें और 100 दिवस से अधिक दिनों तक लंबित न रखें। कलेक्टर ने हरपालपुर सीएमओ और पीडी एनएचएआई को बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



## पुलिस प्रशासन में कसावट लाने एसपी ने ली पुलिस अधिकारियों की वर्चुअल बैठक




छतरपुर। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने जिले में कानून और व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा लंबित अपराधों का शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभावी की वर्चुअल बैठक लेते हुये कानून और व्यवस्था की समीक्षा की। इस बैठक में एसपी अगम जैन ने थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि लंबित प्रकरणों का यथासंभव निराकरण होना चाहिए, साथ ही अपराधों की रोकथाम हेतु कड़े कदम उठाये जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता को शीघ्र न्याय दिलाना हमारा मकसद है।

## उल्टी दस्त से एक की मौत

बड़ामलहरा ।सिविल अस्पताल मे इलाज के दौरान उल्टी दस्त से पीड़ित एक युवक की मौत हो गई ।बताया जाता है कि एक दिन पूर्व से युवक उल्टी दस्त से पीड़ित था ।

जानकारी के अनुसार बड़ामलहरा नगर के वार्ड क्रमांक नौ मे निवासरत सुन्दर लाल पिता सगुना चढ़ार (20) वर्ष को एक दिन पहले से उल्टी दस्त हो रही थी जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तब उसे अस्पताल लाया गया ।जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया किन्तु उल्टी दस्त अधिक होने के चलते उसने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया ।

## बुजुर्ग ने चलती ट्रेन के सामने लगाई छलांग, मौत - हरपालपुर रेलवे क्रॉसिंग पर हावड़ा-चंबल एक्सप्रेस में हुई घटना

सुरेंद्र सिंह

परिहार गर्जना न्यूज। हरपालपुर झाँसी मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर हरपलपुर रेलवे स्टेशन से झाँसी की ओर स्थित रेल्वे क्रॉसिंग पर सोमवार सुबह 11 बजे एक 67 साल के बुजुर्ग ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। बुजुर्ग का शव ट्रैन नीचे करीब 15 मिनिट पड़ा रहा स्थानीय लोगों रेलकर्मियों की मदद से शव निकाल कर ट्रैन को आगे बढ़ा गया। ग्वालियर हावड़ा-चंबल एक्सप्रेस झाँसी से चल कर हरपालपुर स्टेशन पहुँच रही रही थी। इसी दौरान रेलवे क्रॉसिंग से गुजरते समय एक बुजुर्ग व्यक्ति ट्रेन के सामने कूद गया।





जानकारी लगने पर लोको पायलट द्वारा ट्रैन को रोका। ट्रैन की चपेट आने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। उस के पैर का पंजा कट कर अगल हो गया मौके पर वृद्ध की मौत हो गई। लोगों द्वारा रेलकर्मी पत्रकारों द्वारा शव को ट्रेन के नीचे से बाहर निकाला गया। इस दौरान 20 मिनिट तक ट्रैन रेलवे क्रॉसिंग पर खड़ी रही। स्टेशन प्रबंधक की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मौके शव की शिनाख्त कर पंचनामा बना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान मृतक के परिजनों को सूचना दी। जानकारी अनुसार सुबह 11 बजे ग्वालियर से चलकर हावड़ा जाने वाली चंबल एक्सप्रेस (12178) जैसे हरपालपुर स्टेशन के पहले रेलवे क्रॉसिंग पर पहुँची तभी रेल्वे फाटक के पास रेलवे ट्रैक किनारे 2 घंटे से बैठे उत्तर प्रदेश के राठ जनपद हमीरपुर निवासी 67 वर्षीय देवनाथ सिंह ने ट्रैन का इंजन गुजरने के बाद ट्रेन के नीचे छलांग लगा दी। इस दौरान लोको पायलट रेलवे गेट मैन द्वारा सूचना देने तत्काल ट्रैन को रोक दिया। घटना की सूचना पहुँची पुलिस ने शव की तलाशी लेने पर मिले आधार कार्ड से उस पहचान की गई। थाना पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह द्वारा मौके पर पंचनामा बना कर शव पोस्टमार्टम के लिए शव वाहन से नौगांव भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी।

# खजुराहो पत्रकार संघ के नेतृत्व में होगा बुंदेलखंड स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन

## कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए रखी गई बैठक



**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। पत्रकार संघ के द्वारा सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर आधारित संगोष्ठी के तहत बुंदेलखंड स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, यह आयोजन 15 नवंबर को टूरिस्ट विलेज खजुराहो में किया जाएगा, जिसमें प्रदेश और देश के प्रतिष्ठित प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार साथी शामिल होकर अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा और क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटेरिया सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे जिसमें संयोजक राजीव शुक्ला और सहसंयोजक सुनील पांडे रहेंगे इसका निर्णय आज खजुराहो ब्राउन पोल्स रेस्टोरेंट में खजुराहो पत्रकार संघ अध्यक्ष गौरव मिश्रा के नेतृत्व में बैठक का आयोजन करके लिया गया,जिसमें खजुराहो पत्रकार संघ समस्त साथी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए समितियां बनाई गई और सभी पत्रकार साथियों को जिम्मेदारी सौंपी गई जिससे कार्यक्रम 15 नवंबर को भव्यता के साथ संपन्न हो। बैठक में आज डॉक्टर मुराद अली, आनंद अग्रवाल , राजीव शुक्ला, सुनील पांडे,जाहिर सिंह राठौड़, तुलसीदास सोनी पत्रकार खजुराहो,राजकुमार मिश्रा ,आदित्य तिवारी, रवींद्र मिश्रा ,मनीष खटीक ,अनुज दिक्षित, रिंकू नामदेव ,अशोक नामदेव, राजेश रैकवार, राकेश रिकी सिंह ,भरत यादव लक्ष्मण सेन, सहित बड़ी संख्या में खजुराहो पत्रकार संघ के साथी मौजूद रहे।

# 20वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी 30 तक अवलोकन हेतु प्रारंभ

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो ।'आदिवर्त' जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय-खजुराहो द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह %लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा% में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में 3 नवंबर, 2024 से भील समुदाय की युवा चित्रकार सुश्री अंजली बरिया के



चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है।20वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 नवंबर, 2024 (मंगलवार से रविवार) तक निरंतर रहेगी। युवा भीली चित्रकार अंजली बारिया का जन्म भोपाल (मध्यप्रदेश) में हुआ। मूलत: आपका परिवार जनजातीय बहुल झाबुआ जिले से है। आपके पिता श्री दुबु बारिया भीली चित्रकार हैं और वर्तमान में मानव संग्रहालय, भोपाल में पदस्थ हैं। प्रख्यात भीली चित्रकार पद्मश्री भूरीबाई रिश्ते में आपकी दादी लगती हैं और मध्यप्रदेश के कला संसार में उनकी सफलता से आप अत्यन्त प्रेरित एवं प्रभावित हैं। इस तरह चित्रकला का हुनर आपको पारिवारिकता से हासिल हुआ है।

तीन भाई-बहनों में आप मंझली हैं। आप अविवाहित हैं और आपने स्नातक तक की शिक्षा हासिल की है। आपको चित्रकला का शौक बचपन से ही रहा है। फिर अपने पिता के सानिध्य और मार्गदर्शन में आपने चित्रकला की बारीकियों को जाना और सीखा तथा उनके चित्रकर्म में समय-समय पर सहायता भी की। वर्तमान में आप व्यावसायिक रूप से चित्रकर्म में संलग्न हैं। आपने हैदराबाद, नई दिल्ली आदि शहरों में आयोजित कुछेक एकल एवं संयुक्त चित्रकला प्रदर्शनियों में भाग लिया है। आपके चित्रों में हिरण, मोर, साही जैसे जंगली पशु-पक्षी और प्रकृति विशेषतौर पर दृष्टव्य होते हैं। आप अपनी सफलता का संपूर्ण श्रेय अपने पिता दुबु बारिया को देती हैं, जिनकी सतत् प्रेरणा और मार्गदर्शन ने आपकी चित्रकला को सुघड़ बनाया।

# मां जालपा महिला उत्थान समिति निशुल्क सिलाई सेंटर का हुआ उद्घाटन

## समाजसेविका रोमा वर्मा के प्रयास से महिलाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर





**चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार छतरपुर जिले की जनपद पंचायत गौरिहार की चर्चित समाजसेविका रोमा वर्मा के प्रयास से आज निशुल्क महिला सिलाई सेंटर का शुभारंभ आज हुआ । आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष एवं किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित वाजपेई रहें तो कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. हरिचरण अहिरवार प्रोफेसर ने की। सबसे पहले कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं में पुष्प अर्पण और आरती करके की । इसके बाद अतिथियों ने रोमा वर्मा के प्रयास की जमकर सराहना करते हुए बताया कि रोमा वर्मा के द्वारा निशुल्क सिलाई सेंटर की शुरुआत करना जहां एक तरफ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का कार्य करेगी तो वहीं दूसरी तरफ महिलाएं सिलाई सीखकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करके अपने परिवार का भरण पोषण करने में भी सक्षम होंगी।। मुख्य अतिथि अमित वाजपेई ने बताया कि वे लगातार ऐसे कार्यक्रमों के समर्थन में हैं और रोमा वर्मा के द्वारा इस प्रकार की पहल से क्षेत्र की महिलाओं बेटियों को नए हुनर को सीखने में मदद मिलेगी और वे आर्थिक रूप से समर्थवान बनेंगी । मुख्य अतिथि अमित वाजपेई, भूपेंद्र यादव, समाजसेविका रोमा वर्मा और उनके सहयोगियों ने फीता काटकर सेंटर का शुभारंभ किया।

***इनका कहना है***

मेरा उद्देश्य समाज में आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं को इस कार्य के माध्यम से सक्षम और समर्थ्य बनाना है इसके लिए मुझे लोगों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग मिल रहा है ।इसकी प्रेरणा मुझे मां सावित्री बाई फूले जी से मिले जिन्होंने समाज के लिए इतना कुछ किया आगे मेरा प्रयास रहेगा कि क्षेत्र की महिलाओं बेटियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मेरे द्वारा पहुंचाया जा सके। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं मुख्य रुप से राकेश सुनीता अहिरवार अंजना प्रजापति,संध्या मैडम, श् लक्ष्मी अहिरवार , उपासना, साधना, आशा अहिरवार , भारती अहिरवार डा. हरिचरण अहिरवार प्रोफेसर राकेश अहिरवार शिक्षक नोखेलाल अहिरवार शिक्षक रविन्द्र अतिथि शिक्षक अखलेश अहिरवार खड्डी राजकिशोर अहिरवार किसनपुर महेंद्र अहिरवार मकैनिक पत्रकार बंधु एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।।

# वाहन रैली के साथ हुआ विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ

छतरपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर द्वारा 4 नवंबर से 9 नवंबर तक मध्यप्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में न्यायोत्सव- विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। आज शुभारंभ अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड एवं स्वतंत्रता संग्राम उत्तराधिकारी चरण पादुका समिति के तत्वाधान में एक बाइक एवं साईकल रैली निकाली गयी जिसमें महर्षि स्कूल के विद्यर्थियों एवं शिक्षकों के साथ साथ अधिवक्ताओ एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। इस रैली को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी द्वारा गाँधी आश्रम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर महर्षि प्राचार्य सीके शर्मा एवं समाजसेवी शंकरलाल सोनी ने न्यायोत्सव सप्ताह का लोगो मुख्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भेंट किया। इस रैली का नेतृत्व अभी हाल ही में बरेली से नेपाल तक 6 दिनों में 1500 किमी साईकल चलकर लौटे महर्षि प्राचार्य द्वारा किया गया। यह रैली न्याय सभी के लिए के संदेश के साथ गांधी आश्रम से प्रारम्भ हुई एवं अम्बेडकर चौक पुराना पन्ना नाका, सिविल लाइन, महल रोड, ब्रह्मकुमारी आश्रम से आकाशवाणी होते हुए जिला न्यायालय परिसर में इसका समापन हुआ।

सचिव, जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी ने कहा कि स्वस्थ निरोगी रहने के लिए प्रकृति के नियमों का पालन करें। उन्होंने महर्षि प्राचार्य को उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र एवं सामाजिक क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के लिए आने वाली पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बताया। न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह की जानकारी देते हुए जिला विधिक अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं पंकज जैन ने बताया कि इसके तहत विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं उक्त योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में निहित प्रक्रिया की जानकारी व जन सामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य हेतु जन जागरण के लिए बाइक रैली, मैराथन



रेस, विधिक सहायता योजनाओं की प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिता नुक्कड़ नाटक का आयोजन सम्पूर्ण जिले में किया जाएगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वतंत्रता संग्राम उत्तराधिकारी चरण पादुका समिति के शंकरलाल सोनी की सक्रिय भूमिका के लिये जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय एसपी श्रीवास्तव, जिला न्यायाधीश अरविंद जैन, जिला न्यायाधीश हिमांशु शर्मा, जिला न्यायाधीश विक्रम भार्गव, जिला न्यायाधीश निवेश जयसवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति निवेश जयसवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंहरावत, न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुराग सुमन, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमति अन्नपूर्णा भदौरिया, दिलाराम अहिरवार, प्रमोद शर्मा, प्रमोद दुबे आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# समाज सदा धर्म,सत्य, नीति व न्याय से संचालित होगा, आसुरी शक्तियां हारेंगी - पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

## बाघराज वार्ड में दीपावली मिलन समारोह को संबोधित किया



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। समाज सदा धर्म,सत्य,नीति और न्याय से संचालित होगा। धर्म के मार्ग पर चल कर ही हम सुख शांति समृद्धि के साथ रह सकते हैं और अधर्म अनीति से लड़ सकते हैं। यह उद्गार बाघराज वार्ड में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने सुख समृद्धि के लिए पांच सूत्र बताए।

सागर नगर निगम के बाघराज वार्ड के पार्षद व मेयर इन कौंसिल सदस्य राजकुमार पटेल द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अधर्म और अनीति पर चलने से ही रावण का अंत हुआ। हम प्रतिवर्ष रावण का दहन करते हैं। आज कलियुग में रावण जगह जगह घूम रहे हैं उन से सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आस्था न रखने पर गंगा स्नान करने से मात्र देह ही स्वच्छ होती है लेकिन आस्था से भरा व्यक्ति गंगा स्नान से देह के साथ मन और आत्मा भी शुद्ध कर लेता है। इसी प्रकार दीपावली पर दियों के प्रकाश से मन में समृद्धि और सृजन का भाव आता है। उन्होंने कहा कि सुख दुख जीवन का क्रम है, भगवान के अवतारों को भी दुखों से गुजरना पड़ता है।

जीवन की श्रेष्ठता के पांच सूत्र बताते हुए पूर्व मंत्री श्री सिंह ने बताया कि अधर्म के मार्ग पर न चलें, परस्त्री को अपनी माता का सम्मान दें, अधर्म के स्थान पर अन्न भी ग्रहण न करें, कटु शब्द न बोलें और सदैव दान और सेवा के कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि दुर्योधन अधर्म पर था और गंगापुत्र भीष्म जैसे महा पुरुष ने भी उसका अन्न ग्रहण किया तो उन्हें द्रौपदी के चीरहरण के समय सिर झुकाए बैठना पड़ा। उन्होंने कहा कि जिनमें मोह और धन की लालसा है वे जीवन में सुखी नहीं रह सकते। दुर्योधन पांडवों को 5 गांव दे देता तो महाभारत होता ही नहीं। द्रौपदी दुर्योधन का उपहास न करती तो महाभारत का आरंभ ही न होता। उन्होंने कहा कि धन कुएं के पानी की तरह है। निकलेगा नहीं तो सड़ जाएगा।

पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कभी भी किसी को अपने से छोटा न समझें। इसी अज्ञानता में दुर्योधन ने भगवान श्रीकृष्ण को बंदी बनाने का आदेश दिया तब भगवान ने अपना विराट स्वरूप दिखा कर उसे बता दिया कि तुझ सहित सारा अस्तित्व मेरे ही भीतर समाहित है। श्री सिंह ने कहा कि भारत देश और इसकी महान संस्कृति हिंदू धर्म के कारण ही अखंड और अविनाशी है। उन्होंने समारोह में उपस्थित नारी शक्ति को कार्तिक स्नान की परंपरा के विषय में बताते हुए कहा कि आज की पीढ़ी में ऐसी परंपराए कम होती जा रही हैं। उन्होंने अच्छे आयोजन के लिए पार्षद राजकुमार पटेल को बधाई दी।

# थाना खिमलासा पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपी को किया 48 घण्टे के अंदर गिरफ्तार बड़े भाई ने ही की थी छोटे भाई की हत्या

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/दिनांक 02.11.24 को इंद्रभान दांगी पिता प्रहलाद दांगी उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम निवारी व उसके दो लडके जतिन दांगी व सक्षम दांगी के साथ जमीनी विवाद पर उसके ही सगे बडे भाई रघुभान दांगी व उसके लडके सूर्यभान दांगी के द्वारा सिर मे राड एवं डण्डो से मारपीट कर दी थी जिसे मृतक इंद्रभान को व उसके लडके जतिन दांगी व सक्षम दांकी को चोटे लगी थी इंद्रभान दांगी को सिर मे अधिक चोट लगने से उसके लडके जतिन ने अपने अन्य साथी भरत के लडके जतिन दांगी व उसके साथी भरत सिंह ठाकुर के साथ शासकीय अस्पताल खुरई ईलाज के लिये ले गये थे जहा डाक्टर द्वारा इंद्रजीत दांगी को प्रारंभिक इलाज व जांच के बाद मृत घोषित कर दिया था उक्त घटना पर थाना खिमलासा पुलिस ने अस्पताल खुरई मे ही धारा 296,115(2),351(2),103,3(5) क्व्हस मे देहाती नालसी कायम कर मामले को जांच मे ले लिया था ।



उक्त घटना गंभीर होने से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया एवं हालातो से अवगत करवाया गया जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री विकाश कुमार शाहवाल द्वारा संज्ञात लेते हुये संबंधित पुलिस अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार ,अति. पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार उईके के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नीतेश पटेल के द्वारा टीम गठित की गई मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके परिणाम स्वरूप पुलिस ने उक्त दोनो आरोपी रघुभान सिंह दागीं व उसके लडके सूर्यभान सिंह दांगी को 48 घण्टे के भीतर बीना अण्डर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही कर आज न्यायालय पेश किया गया है। आरोपियो की गिरफ्तारी मे थाना प्रभारी निरी. नितिन पाल ,सउनि आसिफ अली, आर. ब्रजेश, आर. मलखान, आर. छोटेलाल, आर. दीपक पाण्डे, आर. गौरव, आर. चंद्रशेखर, आर. भानू,आर. जाहर , सायबर आर. सौरभ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गौसेवा एवं गौशालाओं में दान करने से यज्ञ का पुण्य मिलता है - प्रदीप लारिया

परिहार गर्जना न्यूज। गढाकोटा। पड़रिया ग्राम पचांयत में स्थित श्रीराधारानी गौशाला में गोर्वधन पूजा करने पहुँचे विधायक प्रदीप लारिया का श्री राधारानी गौशाला संचालक लक्ष्मी समूह की महिलाओ ने फूल वर्षा कर भव्य स्वागत किया,श्री लारिया ने गौ-शाला में गोर्वधन पूजा कर गौशाला में पाली हाउस एवं दुग्ध संकलन इकाई का शुभारंभ किया गया। श्री लारिया द्वारा गौसेवकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ का सम्मान भी किया गया, कार्यक्रम में जनपद पचांयत सागर सीईओ अजय वर्मा, देवश्री एफपीओ से हरीश दुबे, राजेंद्र सिंह जनपद सदस्य पड़रिया ,रामप्रसाद चढ़ार सरपंच पड़रिया,जय गोविंद सिंह ठाकुर उप सरपंच,पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर,बीरेंद्र सिंह पूर्व जनपद सदस्य पड़रिया,जावेद खान,राज विश्वकर्मा, नायाब तहसीलदार परसोरिया शंकर लालबानी, शैलेन्द्र राजपूत पटवारी,पशुपालन विभाग डॉ धर्मेन्द्र सिंह,आजीविका मिशन अनूप तिवारी, राधे तिवारी सहित आसपास के ग्रामों के सम्माननीय नागरिक बंधु,वेदिका संकुल के पदाधिकारी सहित संचालक लक्ष्मी समूह की महिलाएं सम्मिलित हुई।



# सागर में दीपावली पर्व पर कुशवाहा समाज द्वारा मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। दरअसल सागर के बाघराज वार्ड के बाघराज मंदिर में कुशवाहा समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपावली पर्व पर कुशवाहा समाज द्वारा मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि केबिनेट दर्जा प्राप्त मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा पहुंचे जहां पर कुशवाहा समाज के भाई बंधुओं ने जोरदार स्वागत किया गया कार्यक्रम में अनेक वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि कुशवाहा समाज सागर संभाग में लगातार एकजुट होने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और इस प्रयास का फायदा आने वाले विधानसभा चुनाव में बुन्देलखण्ड से एक प्रत्याशी कुशवाहा समाज का होना चाहिए और कुशवाहा समाज द्वारा 25 दिसंबर को परिचय सम्मेलन आयोजित करने की बात की गई इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त हेमलता कुशवाहा, श्रीमती उषा/प्रमोद पटेल, ज़िला पंचायत सदस्य एवं सभापति सागर, डॉक्टर संतोष पटेल, जनपद सदस्य एवं सभापति जैसीनगर,कुशवाहा राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट अर्जुन पटेल, संभागीय अध्यक्ष, अशोक कुशवाहा एवं समस्त कुशवाहा समाज बंधु मौजूद रहे।

# पुलिस चौकी मण्डी बामौरा थाना आगासौद पुलिस द्वारा कट्टे एवं जिन्दा कारतूस सहित किया दो आरोपियों को गिरफ्तार माननीय न्यायालय के आदेश पर भेजा जेल

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ पुलिस अधीक्षक सागर विकाश कुमार शाहवाल द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये थे जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उईके के मार्ग दर्शन एवं एसडीओपी बीना नीतेश पटेल के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया इसी क्रम में दिनांक 03.11.24 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मंडीबामौरा खांचरोंद रोड पर दो लड़के एक काले रंग की पल्सर मोटर सायकिल से बरूअल तरफ जा रहे है जो अपने साथ कट्टा रखे हुये है। सूचना की तस्दीक हेतु हमराह स्टाफ एवं राहगीर गवाह को तलब कर मौके पर जाकर देखा दो लडके काले रंग की पल्सर मोटर सायकिल पर साहू मैरिज गार्डन के सामने खडे हुये थे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे पुलिस ने घेराबंदी कर पकडा नाम पूछने पर जिन्होने अपना नाम सुनील पिता प्रकाश अहिरवार उम्र 25 साल एवं राहुल पिता रामशंकर विश्वकर्मा उम्र 21 साल दोनो निवासी साहोद्रा राय वार्ड खुरई का रहने वाला बताया जिनकी तलाशी लेने पर सुनील अहिरवार से एक 315 बोर का देशी कट्टा, एंव राहुल विश्वकर्मा की जेब से एक जिन्दा कारतूस 315 बोर का मिले जो मौके पर राहगीर गवाह एवं हमराह स्टाफ के एक देशी कट्टा 315 बोर का एवं एक जिन्दा कारतूस 315 बोर का, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर सायकिल जप्त की गई, एवं आरोपीगण को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी आगासौद निरीक्षक राधेश्याम पटेल, चौकी प्रभारी उप निरी मनोज कुमार राय, विवेचक प्रआर सुशील सिंह चौहान, एवं प्रआर. महेश साहू, आर. धीरेन्द्र सिंह राजावत, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, सैनिक कैलाश दुबे की सराहनीय भूमिका रही।



# केन्द्रीय मंत्री ने किया पुलिस लाईन परिसर में- लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, बैडमिंटन तथा बास्केटबॉल कोर्ट का किया लोकार्पण

सौरभ खरे

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने आज पुलिस लाइन परिसर टीकमगढ़ में नवनिर्मित लॉन टेनिस ग्राउंड, वॉलीबॉल, बैडमिंटन तथा बास्केटबॉल कोर्ट का लोकार्पण किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के सीएसआर कार्यक्रम अंतर्गत 54 लाख 46 हजार की स्वीकृत राशि से पुलिस लाइन परिसर टीकमगढ़ में लॉन टेनिस ग्राउंड, वॉलीबॉल, बैडमिंटन तथा बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण किया गया है। केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कलेक्टर अवधेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मड़लोई एवं अतिथियों के साथ फ ीता काटकर नव-निर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने के लिए पुलिस लाइन ग्राउंड में 3 नए खेल मैदान बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि सीएसआर फं ड से 54.46 लाख की लागत से लॉन टेनिस, वॉलीबॉल और बास्केट बॉल कोर्ट का निर्माण किया गया है। नए खेल मैदान तैयार होने से पुलिस स्टाफ के साथ शहर



के बच्चों को बेहतर खेलकूद की सुविधाएं मुहैया होगी। उन्होंने बताया कि ओपन ग्राउंड के साथ इनडोर स्टेडियम बनाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही शासन स्तर से राशि स्वीकृत होने के बाद इनडोर स्टेडियम का काम शुरू कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि खेल मैदान में लडकी और लड़कियों के खेलने के लिए अलग-अलग शिफ्ट तैयार की जाएगी। खिलाडियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा पुलिस स्टाफ को खेलने के लिए अलग से समय तय किया जाएगा। रोशनी का इंतजाम होने के कारण दिन के साथ-साथ खिलाड़ी रात में भी प्रैक्टिस कर सकेंगे। इस अवसर पर अमित नुना, अनुराग वर्मा, विवेक चतुर्वेदी, एनबीसीएफ. डीसी के वित्त अधिकारी अजीत कुमार, अन्य जनप्रतिनिधि, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या, रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्मा, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक रवि गुप्ता सहित, पत्रकार बंधु, थाना कोतवाली, देहात, पुलिस लाइन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पुलिस अधिकारी कर्मचारी स्कूलों की छात्र-छात्रायें, खेल विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कर्मचारी क्षेत्र की जनता के साथ व्यवहार को बेहतर रखें-एसपी

## अनुभागबार अपराध समीक्षा बैठक का किया आयोजन

टीकमगढ़। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में अनुभाग टीकमगढ़ के एसडीओपी एवं थाना व चौकी प्रभारी हुए शामिल हुए। बैठक में अपराधों पर नियंत्रण व निराकरण हेतु एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किए गए। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में बीते रोज 03 नवम्बर 2024 को जिले के टीकमगढ़ अनुभाग के थाना व चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। उक्त अपराध समीक्षा बैठक में अनेक बिंदुओं पर समीक्षा की गई एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर लंबित अपराधों की समीक्षा कर निराकरण करने, लंबित चालान की समीक्षा कर अधिक से अधिक चालान निराकरण करने के साथ ही गुम इंसान, बालक, बालिकाओं का पता कर दस्तयाब करने के संबन्ध में निर्देशित किया गया। इसी प्रकार शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण करने, अनुसूचित जाति, जनजाति के विरुद्ध घटित अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने, लंबित खात्मा, खारिज़ी की समीक्षा पश्चात आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया। बताया गया है कि बैठक में पुलिस अधीक्षक ने लघु अधिनियम, जुआ एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि की समीक्षा एवं प्रभावी कार्यवाही करने एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को यथाशीघ्र संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के साथ ही स्थाई वारंटो की तामील कराकर वारंटी को न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए। बताया गया है कि उपरोक्त बिंदुओं पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी टीकमगढ़ एवं थाना व चौकी प्रभारी के साथ समीक्षा की गई एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया । साथ ही साथ थाना एवं चौकी प्रभारियों को जन सामान्य से अपना व्यवहार अच्छा करने व जनता की यथासंभव समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं जनसंवाद के माध्यम से नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन करने, साइबर अपराधों से सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को प्रभावी तरीके से ग्राम एवं कस्बों में आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया । बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, अनु विभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ राहुल कटरे एवं अनुभाग टीकमगढ़ के थाना व चौकी प्रभारी सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का पुलिस स्टाफ शामिल हुआ ।




# एक युद्ध नशे के विरुद्ध थींम पर जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाया जाये

## -जिले से कुपोषण समाप्त करना ही हमारा लक्ष्य है

## -टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

टीकमगढ़। कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा विभागवार करते हुये निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत अनटेंटेड नहीं हो यह सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि 50 दिवस, 100 दिवस से अधिक लम्बित शिकायतों के शीघ्र निराकरण करायें।




उन्होंने समाधान ऑनलाइन के चयनित एट्रीब्यूट पर विस्तार से समीक्षा की। तत्पश्चात उन्होंने न्यायालय के कंटेम्प्ट केसों की समीक्षा की गई, जिसके तहत समय पर कम्पाइल रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी विभागों में टेबल इंस्पेक्शन करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि एक युद्ध नशे के विरुद्ध थींम पर जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाया जाये। नशा मुक्ति हेतु रैली का आयोजन किया जाये। रैली के साथ ही स्कूल और महाविद्यालय स्तर पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की जायें। उन्होंने निर्देशित किया कि कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने हेतु एनआरसी में प्रवेश करायें। उन्होंने निर्देशित देते हुये कहा कि जिले से कुपोषण समाप्त करना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने निर्देशित कि छात्रावास में सर्दियों के समय सम्पूर्ण व्यवस्था करायी जाये। साथ कि कन्या छात्रावासों में महिला स्टॉफ रहें और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पीडीएस दुकान में खाद्यान्न की उपलब्धता और समय पर खाद्यान्न वितरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिला अस्पताल, कन्या महाविद्यालय, जेल और आसपास के क्षेत्र में अपशिष्ट निकासी का समग्र निरीक्षण करें और आवश्यक कार्य योजना बनायें। कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि मलेरिया और डेंगू न फैले, इस हेतु चिन्हित क्षेत्रों में फ ॉगिंग करायें, सफ ाई अभियान चलाये कहीं भी पानी भरा न रहें। सभी सम्बंधित अधिकारी ध्यान दें डेंगू और मलेरिया के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनायी जाये। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों एवं पंजीकृत श्रमिकों के 4 नवम्बर से बनाए जायेंगे। साथ ही आयुष्मान कार्ड बेनीफिसरी एप से घर बैठे ही आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के समस्त चिकित्सालयों का निरीक्षण कर सुरक्षात्मक उपाय किये जायें। तत्पश्चात उन्होंने स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति और हिंसा रोकथाम समिति स्वास्थ्य संस्थान परिसर में सुरक्षा जोखिमों का नियमित मूल्यांकन कर, सभी संभावित खतरे, अनाधिकृ प्रवेश, चोरी, और हिंसक घटनाओं की संभावनाओं की पहचान कर सुरक्षात्मक उपाय किये जायें। उन्होंने निर्देशित किया कि हिंसा की घटनाओं की रिपोर्टिंग के लिये हिंसा रोकथाम समिति कार्य करेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे, एसडीएम जतारा शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन, पीओ डूडा सुश्री शिवि उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी आईएल आठया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऋजुता चौहान, सहायक संचालक पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग श्रीमती अपूर्वा जैन, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी रामबाबू गुप्ता, लोकसेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा पैदल भ्रमण कर संदिग्ध गतिविधियों पर रखी जा रही है नजर

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पैदल पार्टियों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान निगरानी, गुंडा, बदमाशों, पूर्व के अपराधों के अपराधी, जिला बदर की चैकिंग की जा रही है। बताया गया है कि पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों, हाट बाजारों सहित भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सराफा बाजार में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा टीकमगढ़ जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना एवं चौकी क्षेत्र में बाजारों, भीड़ बाले स्थानों, मुहल्लों, सराफा बाजारों में मोबाइल पार्टियों एवं पैदल पार्टियों के माध्यम से कस्बा एवं गांवों का भ्रमण करने हेतु गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाशों को चेक कर कार्यवाही करने, बैंकों, एटीएम की सुरक्षा बनाए रखने एवं बाजार की यातायात बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम, अनुविभागिय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ एवं जतारा के मार्गदर्शन में समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा 03 नवम्बर 2024 को समस्त थाना एवं चौकी अंतर्गत पुलिस द्वारा मोबाइल पार्टियों, पैदल पार्टियों के माध्यम से बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, सराफा बाजारों, बैंकों, एटीएम आदि की सुरक्षा व्यवस्था हेतु भ्रमण किया एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रखने हेतु निगरानी बदमाश 19, गुंडा बदमाश 28, पूर्व में चोरी के अपराधों में पकड़े गए चोरों को चेक कर कार्यवाही की गई। इसके साथ ही बाजारों एवं क़स्बों में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु पॉइंट चिह्नित कर पुलिस व्यवस्था लगाई गई । टीकमगढ़ पुलिस की उपरोक्त कार्यवाही दैनिक रूप से लगातार जारी रहेगी।



# सत्ता के केन्द्र में रहे लेकिन कभी विनम्रता, सादगी और ईमानदारी नहीं छोड़ी स्वर्गीय कैप्टन जयपाल सिंह ने

**राकेश शर्मा/ऋषि कुमार मिश्रा/सादिक खान**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना। अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय कैप्टन जयपाल सिंह अब हमारे बीच नहीं रहे। काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थें उनका बीते दिवस दु:खद निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थें, उनके निधन सें जनसेवा और सिद्धातों पर अटल रहने वाली राजनीति के एक युग का अंत हो गया। कैप्टन साहब का निधन कांग्रेस पार्टी के साथ बुंदेलखंड अंचल और पन्ना के लिए नि:संदेह अपूर्णीय क्षति है जिसकी भरपाई हो पाना संभव नहीं है। अपने चार दशक के लंबे राजनीतिक और सार्वजानिक जीवन में वे योग्य, कुशल और अनुभवी कैप्टन की तरह अपनी दूरदृष्टि, अदम्य साहस, संयम से हर जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करने के लिए जाने जाते रहे है। मौजूदा युवा पीढ़ी को







उनके संबंध में भले ही कुछ ख़ास जानकारी न हो पर जिनकी आयु 50 वर्ष या फिर इससे अधिक है वे भलीभांति जानते है, 80 के दशक में जब देश में विषम परिस्थितियों के बीचकी राजनीति में राजीव गांधी का पदार्पण हुआ तो वे अपने साथ अपने कई दोस्तों को भी ले आए थे। राजीव गांधी का दौर कांग्रेस में युवा नेतृत्व का दौर था। उस दौर में कई उच्च शिक्षित युवा, पायलट, बिजनेसमैन और फिल्म स्टार राजीव जी की प्रेरणा से राजनीति में आये थे। कैप्टन जयपाल सिंह भी उन्हीं में से एक थे। अपने पायलट के पेशे को छोड़ वह कांग्रेस से जुड़कर मध्यप्रदेश की सक्रिय राजनीति में कूद पड़े। चुंबकीय व्यक्तित्व और बहुमुखी प्रतिभा के धनी जयपाल सिंह ने महज कुछ साल में ही सूबे के राजनीतिक फलक पर ऐसी उड़ान भरी कि सब देखते ही रह गए। वर्ष 1980 में जयपाल सिंह ने पन्ना जिले की पवई सीट से कांग्रेस के टिकिट पर अपना पहला चुनाव लड़ा और बड़े अंतर जीत दर्ज करके विधानसभा पहुंचे। चुनावी राजनीति में सफलता से चमके जयपाल यहां से लगातार नई ऊंचाइयों को छूते गए। तत्कालीन मुख्यमंत्री कुंवर अर्जुन सिंह ने कैप्टन की प्रतिभा को सम्मान देते हुए उन्हें सर्वप्रथम संसदीय सचिव बनाया फिर अपने मंत्रिमण्डल के दूसरे विस्तार में उप मंत्री बाद में गृह राज्यमंत्री का दायित्व सौंपा। वर्ष 1985 में पवई सीट से लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने पर जयपाल सिंह को तत्कालीन मुख्यमंत्री मोतीलाल बोरा ने अपने मंत्री मण्डल में गृह मत्रीं बनाया साथ ही आधा दर्जन अन्य महत्वपूर्ण विभाग भी सौंप रखे थे। तब तक सम्पूर्ण मध्य प्रदेश सहित कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व पन्ना के नायाब हीरे कैप्टन की कार्यकुशलता और बहुमुखी प्रतिभा की चमक का कायल हो चुका था। यह वह दौर था जब अविभाजित मध्य प्रदेश में निर्विवाद रूप से कैप्टन जयपाल सिंह का ओहदा नंबर दो का था। मुख्यमंत्री मोतीलाल बोरा की सरकार में उनका गजब का दबदबा रहा। जिसकी आज के समय कल्पना करना भी मुश्किल है। उस समय के लोगों ने बताया कि जब स्वर्गीय जयपाल सिंह पहली बार मंत्री बनें तो उनके साथ गाड़ियो का इतना बड़ा काफिला रहा कि मडला से लेकर पन्ना तक गाड़ियों की लाईन नहीं टूटी, राजीव गांधी के साथ कैप्टन की संबंधो को देखते हुए कांग्रेस के अंदर और विपक्ष समेत प्रशासनिक हलकों में तब तक यह चर्चा होने लगी थी कि मध्य प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री जयपाल सिंह होंगे। गृह मंत्री होते हुए भी हर कोई उन्हें भावी मुख्यमंत्री के तौर पर ही देखता था। कांग्रेस के नेतागण पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ कैप्टन जयपाल सिंह की निकटता के किस्से सुनाते हुए बताते हैं कि, अपनी हत्या के कुछ वर्ष पूर्व राजीव जी भोपाल में विशाल रैली को संबोधित करने आए थे। तब वे एयरपोर्ट से सभा स्थल तक जिस कार से पहुंचे थे उसे कैप्टन ड्राइव कर रहे थे। इस दौरान राजीव जी पीछे की सीट पर नहीं बल्कि कैप्टन के बगल में बैठे और रास्ते में उनसे प्रदेश के संबंध में बात करते रहे। उन्हें वापस एयरपोर्ट छोड़ने के दौरान भी कैप्टन साहब ही कार चला रहें थे। कैप्टन जयपाल सिंह की सबसे अनूठी बात यह थी कि उनके धुर विरोधी भी उनका सम्मान करते थे। सूबे की सत्ता के केंद्र में रहने के बाद भी सत्ता का अहंकार कभी उन पर हावी नहीं हो हुआ। जीवन पर्यन्त वह विनम्र, शालीन, मृदुभाषी रहे। उनका राजनैतिक जीवन सादगी, ईमानदारी और सहजता की खुली किताब है। राजीव गांधी के असामयिक दुखद निधन के बाद कांग्रेस में मची उथल-पुथल से उभरी गुटीय राजनीति के चलते कैप्टन की उड़ान पर अचानक पावर ब्रेक लग गया। लेकिन अर्श से सीधे हांसिये पर जाने के बाद भी वह जरा भी विचलित नहीं हुए। बदली हुई परिस्थितियों-चुनौतियों का सहजता के साथ सामना करते हुए सेवानिवृत्त की उम्र में भी वे पूरी ऊर्जा के साथ कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए वह तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शुभाष यादव, सुरेश पचौरी तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव के साथ मिलकर काम करते रहे। आज की पीढ़ी के नेतागण-जनप्रतिनिधि कैप्टन साहब के जीवन संघर्ष से बहुत कुछ यह प्रेरणा ले सकते है मसलन, सत्ता के केंद्र में रहते हुए भी इसके दंभ से दूर रहकर जनसेवा के पथ पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ किस तरह से आगे बढ़ा जाए। और जब सत्ता की चकाचौंध से दूर हों जाएं तो निराश या नाउम्मीद हुए बगैर स्वीकार्य भाव से जीवनपथ पर कर्मयोगी की तरह निरंतर आगे बढ़ते रहें।

## ग्राम पंचायत कुंवरपुर में व्यापक भ्रष्टाचार

### शोक पिट निर्माण में सरपंच, सचिव ने किया लाखों का घोटाला






परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पवई जनपद पंचायत अन्तर्गत सबसे बड़ी पंचायत कुंवरपुर में सरपंच, सचिव, उपयंत्री द्वारा मिलकर ग्राम पंचायत के निर्माण तथा विकास कार्यो में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगो द्वारा शिकायते करने के बावजूद भी संबंधितो पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। मनरेगा, योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यो में सरेआम मशीनों का उपयोग किया जा जाता है। तथा फर्जी बिल बाउचर एवं फर्जी मजदूरो के नाम राशि आहरित कर ली जाती है। अभी हाल ही में तालाब निर्माण में सरेआम मशीन चलाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही पन्द्रहवें वित्त तथा पंच परमेश्वर योजना से मिलने वाली राशि में बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है। शोक पिट निर्माण के नाम पर लाखो रूपये की राशि का फर्जीवाड़ा किया गया है। जबकी उक्त शोक पिट केवल औपचारिकता के लिए ही बनाये गये है तथा मनमाने ढंग से बिल बाउचर लगाकर चार लाख रूपये की राशि आहरित कर ली गई है। इसी प्रकार अन्य निर्माण कार्यो के नाम पर भी व्याप्क स्तर पर भ्रष्टचार किया गया है। स्थानीय लोगो ने बताया कि जब से ग्राम पंचायत में प्रीतम सिंह सचिव पदस्थ हुए है तब से उक्त ग्राम पंचायत में लगातार भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। क्योकि ग्राम पंचायत के सरपंच अशिक्षित महिला होने के कारण सचिव द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराये जा रहे है। तथा लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने विगत तीन वर्ष मे हुए निर्माण कार्यो की जांच कराये जाने तथा दोषियों के खिलाफकार्यवाही करने की मांग की है।

## देश भर में मनाया गया भाई दोज का त्यौहार

पन्ना/दीपावली के बाद भाई दोज का बड़ा पर्व मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य भाई एवं बहन का अटूट रिस्ता हमेशा बना रहें। इसी लिए बहन अपने भाई को तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना करती है, यह त्यौहार पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया गया। साथ ही पन्ना जिले मे भी यह त्यौहार बड़ें की उत्साह पूर्वक ढंग से मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों को तिलक लगाकर मूंह मीठा कराया एवं हमेशा बहन की रक्षा करनें एवं सहयोग करने का आशीर्वाद मांगा।

## पन्ना में कार्यपालन यंत्री रहें केपी एस राणा बनें मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता

पन्ना/लोंक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता के पद पर पन्ना में पदस्थ रहें कार्यपालन यंत्री के पी एस राणा को पदस्थ किया गया है। ज्ञात हो कि वर्तमान में प्रमुख अभियंता रहें आर.के. मेहरा सेवानिवृत्त हो गयें है। उनके स्थान पर श्री राणा को मध्य प्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा पदस्थ किया गया था। श्री राणा वर्ष 2006-07 के आस पास पन्ना मे कार्यपालन यंत्री रहें है तथा वह अब प्रमुख अभियंता मध्य प्रदेश बनाये गयें है। जिससे पन्ना जिले को भी लाभ मिलेगा तथा लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत विकास एवं निर्माण कार्य बेहरत ढंग से संपन्न होगें।

## अमानगंज नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र द्विवेदी को नगरवासियों ने दी श्रद्धांजलि

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/नगर परिषद अमानगंज के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र द्विवेदी का विगत दिवस दुखद निधन हो गया था। श्री दुबें अपनी निष्पक्ष राजनीति के लिए जाने जाते थें। उन्हे नगर वासियों ने नम आँखों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजली दी। नगर अमानगंज के रेस्ट हाउस में आयोजित श्रद्धांजली सभा में नगर के बरिष्ठ समाजसेवी, जिले भर से आये बरिष्ठ कांग्रेसी पदाधिकारियों, स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों ने स्वर्गीय द्विवेदी के छायाचित्र पर



माल्यार्पण करतें हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किये। बरिष्ठ काँग्रेसी स्व. राजेंद्र द्विवेदी अपनी निष्पक्ष राजनीति, निर्भीक व स्पष्टवादिता के लिए जाने जाते रहे हैं। उनके द्वारा अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में किए गये जनहितैषी कार्य, नगर में सामंजस्य व एकरुपता व न्यायिक क्षमता हमेशा नगरवासियों के लिए अविस्मरणीय रहेंगी। ज्ञात हो कि स्व. द्विवेदी का लंबी बीमारी के चलते दिनाँक 26/10/2024 को नागपुर में देहांत हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने आपकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। श्रद्धांजलि सभा मे भारी संख्या में सभी दलों के जन प्रतिनिधि, तथा अन्य लोग शामिल रहें। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मंत्री वरिष्ठ काँग्रेस नेता राजा पटैरया, पूर्व विधायक महेंद्र वागरी, जीवन लाल सिद्धार्थ, गिरधारी लोधी पवई, पूर्व नगर अध्यक्ष हक्कुन दहायत, रामकेश पाण्डेय पगरा, पार्षद मुकेश चौबे भाजपा, मंडल अध्यक्ष डा. प्रशांत चतुर्वेदी, विक्की मोदी, रामलाल लखेरा, देवेंद्रनगर ब्लाक अध्यक्ष आनंद शुक्ला, रमाकांत पाण्डेय ज्ञानप्रसाद चतुर्वेदी, संजय रेजा, रामेश्वर द्विवेदी जूडी, मथुरा दुवे, एडवोकेट अरुण सक्सेना, मुन्नाराजा सिमरा, संजय पटेल देवेंद्रनगर, दिनेश पाण्डेय, कमल सिंह राजपूत, पियूष देव परमार, सजल ताम्रकार, पुस्पेंद्र चौरहा, धूराम चौधरी, नीरज रैकवार, अमित द्विवेदी, राजदीप गोस्वामी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें। श्रद्धजांलि सभा का संचालन ब्लाक अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूत द्वारा किया गया।

# जहां पर घेरा बंदी ना हो और पानी का प्रबंध ना हो, वहां पर वृक्ष ना लगाये जायें-पंचायत मंत्री श्री पटेल

## जहां सुरक्षा हो, पानी का प्रबंध हो तो पत्थर पर भी पौधा हो सकता है



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 04 नवम्बर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने जिले के विकासखण्ड बटियागढ़ के ग्राम मगरौन के समीप स्थित जरारूधाम गौ-अभ्यारण का भ्रमण किया और विगत वर्षों में लगाये गये पौधों का जायजा लिया। उन्होंने भ्रमण के दौरान पौधों के विकसित रूप को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा आगे आने वाले समय में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निश्चित किया गया है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने कहा मैं जब ग्रामीण विकास मंत्री बना तो मैंने पिछले तीन वर्ष के जब वृक्षारोपण के आंकड़े देखे थे तो वो आंकड़े मन को दुखी करने वाले थे, तब मैंने तय किया कि जहाँ पर घेरा बंदी न हो और पानी का प्रबंध ना हो, वहाँ पर वृक्ष न लगाए जायें। इस बार उसका प्रयोग हुआ तो उसका एक प्रयोग जरारूधाम अभयारण्य में हुआ। उन्होंने कहा मेरी मान्यता है की 5 हजार या 10 हजार पौधे एक जगह लगाये जाए, जहां जलस्रोत हो या किसी नदी के किनारा हो, जलस्रोत को मजबूती दी जाये। लेकिन जो पौधे लगें वे सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा जहाँ हम खड़े हैं 10 हजार पौधे हैं, जो जनपद बटियागढ़ का एक मात्र वृक्षारोपण है, जो जरारूधाम में हुआ है। ड्रिप का काम नर्मदा खंड सेवा संस्थान गौ-अभ्यारण जरारूधाम का संचालन करता है, उसने किया है, क्योंकि हमने पत्थरों पर जो वृक्ष उगाये हैं, यह 10 हजार इस बार का वृक्षारोपण है, जो सब सामने हरियाली देख रहे है, यह पिछले 2 साल के है। उसके पहले और जाएंगे 3 साल का, तो पत्थर पर वृक्ष दिखेंगे। उन्होंने कहा सबसे पहला वृक्षारोपण जिसने हम लोगों को संबल दिया वो एक दम सामने है, इसमें 4 साल में हमने कटहल का फल खाया, किसान होने के नाते मैं जानता हूँ कि ऐसा संभव नहीं है, लेकिन गौ-माता की समाधि और उसके ऊपर वृक्ष लगा देना यह प्रयोग भी बहुत सफल हुआ है।

पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने कहा मैं मानता हूँ की जहाँ सुरक्षा हो, पानी का प्रबंध हो तो पत्थर पर भी पौधा हो सकता है, वृक्ष बन सकता है जिसका प्रमाण है, जिन वृक्षों के बीच में हम खड़े है, इस वर्ष का वृक्षारोपण है, सरकार भी 3 साल की गारंटी देती है, तो 3 साल ड्रिप लगाकर हम इसकी सुरक्षा करेंगे, जो पौधा सूखेगा, जो दो वर्ष पुराना होगा, तो दो वर्ष पुराना पौधा उसमें लगाकर उसको वृक्ष बनने का रास्ता तय करेंगे। मुझे लगता है की कुछ साल बाद यह बेहतरीन उद्यान होगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

# राज्यमंत्री श्री पटेल ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुन उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 04 नवंबर। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने दमोह कार्यालय (ई-6 जटाशंकर) में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुन उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आज जनसुनवाई में 70 साल से ऊपर के आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे

## केवल आधार कार्ड साथ मे लाना होगा

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 04 नवम्बर । 05 नवम्बर मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 70 साल से ऊपर के आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। इस हेतु केवल आधार कार्ड साथ मे लाना हैं। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिला कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई स्थल पर आयुष्मान कार्ड बनाने एक अलग काउंटर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा इसके अलावा ग्राम स्वास्थ्य शिविर (V.H.S.N.D.) में भी आयुष्मान कार्ड बनायें जायेंगे।

न्यायोत्सव~ विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत बाइक रैली का हुआ आयोजन

# प्रधान जिला न्यायाधीश श्री तिवारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली का किया गया शुभारंभ




परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 04 नवम्बर। प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में 4 नवंबर से 9 नवंबर 2024 तक न्यायोत्सव~ विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज बाइक रैली के माध्यम से न्यायोत्सव~ विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रात: 11 बजे जिला न्यायालय परिसर से किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायालय में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ दमोह सहित अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट ने बताया बाइक रैली आम जनता को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किए जाने हेतु जिला न्यायालय के प्रांगण से होकर अंबेडकर चौक, घंटाघर, धगट चौराहा, पलंदीचौराहा, राय चौराहा, स्टेशन चौराहा, तीन गुल्ली, किल्लाई नाका, कलेक्ट्रेट, एसपी ऑफिस, बेलाताल, जिला जेल से होकर जिला न्यायालय परिसर दमोह में समाप्त हुई।

बाइक रैली समाप्ति उपरांत लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल (न्याय रक्षक), पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलिंटियर (अधिकार मित्र) की गठित टीम के साथ जिला जेल दमोह में निरुद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया भी किया गया। शिविर में उपस्थित बंदियों को उनके विधिक सहायता मामलों की प्रगति की अद्यतन जानकारी से अवगत कराया गया तथा बंदियों की समस्या सुनकर समाधान बताये गये।

उक्त रैली एवं कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल (न्याय रक्षक) पैरालीगल वॉलिंटियर (अधिकार मित्र) एवं कार्यालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री श्री पटेल ने ग्राम खडेरी में छात्र-छात्राओं को की साइकिल वितरित

## साइकिल पाकर खिल उठे छात्रों के चेहरे



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 04 नवंबर। प्रदेश के पशुपालन, डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल आज पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केरबना और खडेरी पहुंचे। श्री पटेल केरबना में ग्रामीणों से मिले तथा उनकी समस्याएं सुनी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ेरी पहुंचकर निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत विद्यालय के 75 छात्र-छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई ।

इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा सरकार किसानों से लेकर हर वर्ग के लोगों को पात्रता के अनुसार सुविधा मुहैया करा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुसार छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, सुविधा से स्कूल जा-आ सके इसकी भी पूरी व्यवस्था सरकार ने की है। उन्होंने कहा साइकिल का वितरण किया गया है अब छात्र-छात्राएं साइकिल से विद्यालय आ और जा सकेंगी। उन्होंने छात्रों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा बेटियां अच्छा पढ़े लिखे, अच्छे नंबर लाएं और अपने माता-पिता परिवार, ग्राम, जिले तथा प्रदेश में अपना नाम रोशन करें।

इस अवसर पर श्री कपिल शुक्ला, श्री महेश पटेल, श्री अरविंद पटेल, श्री वेद राम पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री टी आर कारपेंटर, श्री गोविन्द पटेल, श्री जितेंद्र पटेल, श्री जगदीश पटेल, श्री खुमान सिंह, श्री मुरारी पटेल, श्री मोतीलाल, पंडित श्री राजू लुहारया, श्री ब्रजेश असाटी,श्री गोपाल पटेल, श्री राजकुमार, श्री अच्छेलाल पटेल ,प्रभारी प्राचार्य श्री संदीप प्रजापति, शिक्षक श्री के के चौरहा, श्री जितेंद्र अहिरवाल, श्री गोविंद विश्वकर्मा, श्री रतन कुमार अहिरवार एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।



# तहसील महावन में जिलाधिकारी के अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



आलोक तिवारी

*परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा दीपावली की छुट्टी होने के कारण आज सोमवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया,जिसमें जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय के साथ साथ सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वही जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में जनता की शिकायतों को ध्यान पूर्वक सुना गया। उप जिलाधिकारी महावन आदेश कुमार ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 2 शिकायतों का मोके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतें संबंधित विभागों को भेज दिया गया।*

वहीं जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किए जाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस की शिकायतों को बड़ी प्रमुखता से संज्ञान लिया। वह पुलिस की शिकायतों को लेकर संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए के जनता के प्रति पुलिस का बड़ा ही सरल व समृद्ध व्यवहार होना चाहिए। वहीं कप्तान साहब ने कहा कि पुलिस एक ऐसा पहलू है की हर एक आदमी पुलिस के पास शिकायत लेकर आता है कुछ अधिकारी ऐसे होते हैं जो जनता की बातों को नहीं सुनते उनको खास निर्देश दिए कि अगर ऐसा देखा गया कि किसी भी अधिकारी ने जनता के किसी व्यक्ति के साथ अनुचित व्यवहार किया है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनता ही सर्वोपरि होती है जनता की समस्याओं को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना हमारी पहली प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों को हिदायत देते हुए जिले के आला अधिकारियों ने भी जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने की नसीहत दी।

इसी क्रम उप जिलाधिकारी मांट अभिनव ने जानकारी देते बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में आज मांट तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 12 शिकायत प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को फॉरवर्ड कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। तहसीलीदार मनीष ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में सम्पूर्ण समाधान दिवस लगाया गया, जिसमें 4 शिकायत मिली 01 शिकायत का निस्तारण किया गया। छाता तहसील में 13 तथा सदर तहसील में 03 शिकायत प्राप्त हुई।

# जंगली भालू का शिकार करने वाले शिकारी पहुंचे जेल

छतरपुर। दिनांक 28 अक्टूबर 2024 को रेंज ऑफिसर रजित द्विवेदी के नेतृत्व में रैपुरा परिक्षेत्र के वन अमले द्वारा बीट उ. जामुनडाड में एक मृत भालू पाया गया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए वनमण्डल अधिकारी के निर्देशानुसार वनपरिक्षेत्राधिकारी द्वारा वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व सागर के डॉग स्क्वाड टीम को मौका स्थल पर सर्चिग हेतु बुलाया गया था। सर्चिंग के दौरान जले हुये जी.आई. तार के टुकड़े पाए गए तथा खूँटी लगाने के निशान भी मिले। वनमण्डलाधिकारी दक्षिण पन्ना की उपस्थिति में पन्ना टाईगर रिजर्व के वरिष्ठ वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता द्वारा मृत भालू का शव परीक्षण कराकर शव दाह कराया गया था। आरोपियों के चिन्हांकन के लिए टावर डंप डाटा भी मंगाया गया। वन परिक्षेत्राधिकारी रैपुरा द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की गई। टीम द्वारा स्थल का पुन: निरीक्षण किया गया एवं संदेह के आधार पर विश्राम चौधरी पिता किशोरा चौधरी साकिन कुआखेड़ा थाना रैपुरा, मुकेश चौधरी पिता कन्छेदी चौधरी साकिन कुआखेड़ा थाना रैपुरा, अशोक पिता शोभा चौधरी साकिन कुआखेड़ों थाना रैपुरा, दुर्गेश पिता भारत चौधरी साकिन कुआखेड़ों थाना रैपुरा एवं लखन पिता लीला आदिवासी साकिन डोहली थाना को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया जिससे उक्त आरोपियों को 3 नवंबर 24 को न्यायालय पवई के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उक्त सभी आरोपियों को जेल भेजा गया।



उपरोक्त कार्यवाही में राजित द्विवेदी वन परिक्षेत्रधिकारी रैपुरा, रामगोपाल विश्वकर्मा परिक्षेत्र सहायक रैपुरा, रामप्रताप गौतम परिक्षेत्र सहायक बघवार, रंजना नागर परिक्षेत्र सहायक घुटेही, प्रमोद गौड़, प्रेमशंकर ठाकुर, सुमन्त जागेत, संदीप तिवारी, प्रदीप कुमार खरे, कमलकान्त प्यासी, पप्पू कुशवाहा, अरविन्द्र सिंह, राकेश कुमार खरे, सतीश द्विवेदी, जयप्रकाश सोनकर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, रजनीश चौरसिया, लक्ष्मीकान्त तिवारी एवं समस्त सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे।

# 'घर बने मंदिर' विषय पर कार्यक्रम सम्पन्न

छतरपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्वनाथ सेवाकेंद्र द्वारा बकस्वाहा बीके पाठशाला के अंतर्गत ग्राम बीरमपुरा में ग्रामवासियों को स्वच्छता, सात्विक अन्न, व्यसनमुक्त जीवन अपना कर अपने घर को मंदिर बनाने हेतु घर बने मंदिर विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर छतरपुर विश्वनाथ सेवाकेंद्र प्रभारी बीके रमा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक मंदिर में एक या दो देव प्रतिमाएं होती है तो हम उस मंदिर की और मूर्तियों की स्वच्छता का कितना ध्यान रखते हैं। उनके आहार अर्थात प्रसाद को कितनी शुद्धता और भावना से बनाते हैं। अब विचार करें कि आप सब स्वयं को गृहस्थ आश्रम में समझते हैं आश्रम का अर्थ होता है जहां पवित्रता और सुख, शांति हो क्योंकि पवित्रता सुख शांति की जननी है लेकिन आज कहीं पर भी सुख शांति नजर नहीं आ रही उसका मूल कारण है आहार, व्यवहार दृष्टि, बोल, कर्म सभी में पवित्रता की कमी है। आप सब भी अपने घर रूपी मंदिर की मूर्तियां हो तो हमें भी स्वच्छता, शुद्ध आहार का ध्यान देना है और किसी भी प्रकार की नशीली वस्तुओं का सेवन न करके अपने घर को मंदिर बनाना है। इस अवसर पर गांव की अधिकांश महिलाएं, भाई एवं बच्चे उपस्थित रहे और सभी ने बहुत ध्यान से बहनों की बातों को सुना और जीवन में अमल करने का संकल्प लिया। बीके कल्पना ने सभी को नशे से होने वाली हानियों के बारे में बताया और सभी को नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा करवाई। इसी तारतम्य में बक्सवाहा मे बस स्टैंड स्थित ब्रह्माकुमारीज़ पाठशाला में भी घर बने मंदिर विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# आयकर अधिकारी, चार्टड एकाउंटेंट के विरुद्ध धोखाधड़ी, षडयंत्र रचने की रिपोर्ट

## फर्जी पेन कार्ड बनाकर दाखिल कर दिया आयकर रिटर्न

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। एक आधार कार्ड पर दो पेन कार्ड जारी करवाकर पीड़ित के बिना जानकारी आयकर रिटर्न दाखिल करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर आयकर अधिकारी, कर्मचारी, सीए सहित चार लोगों के विरूद्ध थाना हाइवे में धोखाधड़ी करने, अपराधिक षडयंत्र रचने सहित 13 धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। वादी नेत्रपाल शर्मा ने बताया कि उसके पुत्र धनेश की शादी आयकर कर्मचारी हरचरन उपाध्याय की पुत्री सीमा उपाध्याय के साथ सात वर्ष पूर्व हुई थी। जो बीते लंबे समय से अपने पिता के घर ही रह रही है। सीमा उपाध्याय ने अपने आधार में हेराफेरी करके एक ही आधार पर दो पेन कार्ड जारी करवा लिए। पीड़ित का आरोप है कि आयकर अधिकारी सुनील सक्सैना, कर्मचारी हरचरन उपाध्याय, सीए संजय खंडेलवाल, सीमा उपाध्याय ने सांठगांठ करके फर्जी पेन कार्ड जारी करवाकर आयकर रिटर्न दाखिल कर दिया। इस मामले में सीजेएम कोर्ट ने चारों को खिलाफ अपराधिक षडयंत्र रचने, धोखाधड़ी करने सहित आईपीसी की 13 धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक आधार पर दो पेन कार्ड मामले में आयकर विभाग ने जुर्माना लगाया। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर आयकर विभाग ने एक ही आधार कार्ड पर दो पेन कार्ड जारी करने के मामले में दस हजार का जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की गई थी। लेकिन विभाग ने दोषियों के विरूद्ध कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की इस पर पीड़ित ने पहले पुलिस अधिकारियों को शिकायत की और फिर न्यायालय की शरण ली।

# भारतीय जनता पार्टी के आगामी संगठन निर्वाचन हेतु जिला कार्यशाला संपन्न




छतरपुर 4 नवंबर। आगामी संगठन निर्वाचन हेतु संगठन पर्व के तहत भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सागर संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी जिला निर्वाचन अधिकारी सतना नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती ललिता यादव जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम विधायक अरविंद पटेरिया राजेश शुक्ला कामाख्या प्रताप सिंह पूर्व विधायक पुष्पेंद्र नाथ पाठक प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय रिछारिया प्रवीण नापित ब्रजेश चौरसिया हर प्रसाद पटेल श्रीमती अभिलाषा शिवहरे सह चुनाव अधिकारी सुरेंद्र चौरसिया हरि नारायण अवस्थी पूर्व जिला अध्यक्ष मलखान सिंह मंचा सीन रहे।




भाजपा के मीडिया प्रभारी अरविन्द बुंदेला ने बताया कि आगामी संगठन निर्वाचन को भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यशाला में संभाग प्रभारी श्री चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने कहा संगठन सभी के लिए है और सभी लोग संगठन के लिए है।

चुनाव प्रभारी योगेश ताम्रकार ने कहा यह निर्वाचन नहीं है संगठन पर्व है पार्टी द्वारा संगठन हित में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को बिना भेद भाव के पदाधिकारी बनाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी योगेश ताम्रकार ने मण्डल स्तर पर संगठन सहयोगी घोषित करते हुए बताया 7,8,एवं 9 नवंबर को सभी मंडलों में कार्यशाला आयोजित होंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव ने कहा सभी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से प्रत्येक बूथ पर सदस्यता की गई तभी हम लक्ष्य पूरा कर सके। विधायक अरविंद पटेरिया ने प्रत्येक बूथ पर कम से कम 2 सक्रिय सदस्य बनाने को कहा कामाख्या प्रताप सिंह ने बूथ स्तर पर संगठन की संरचना को और अधिक मजबूती देने को कहा। जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम ने स्वागत भाषण देते हुए छतरपुर जिले से 3 लाख के लगभग सदस्यता होने पर कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए आगामी संगठन निर्वाचन में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। संचालन जिला महामंत्री श्री सुरेंद्र चौरसिया जी एवं आभार सह चुनाव अधिकारी श्री हरिनारायण अवस्थी जी ने व्यक्त किया।

# पानी मिलाकर बेचा जा रहा पेट्रोल, ग्राहकों ने लगाए गंभीर आरोप

## कलेक्टर बोले जांच उपरान्त करेंगे कार्यवाही







**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज।घुवारा ।। भगवाँ नगर के हरिनगर तिगड्डा के पास स्थित किसान सेवा केन्द्र से संचालित फर्म अरिहंत पेट्रोल पंप पर पेट्रोल में पानी मिलाने के गंभीर आरोप ग्राहकों ने लगाए हैं।

ग्रामीणों ने पेट्रोल पंप संचालक पर आरोप लगाया है कि वह लंबे समय से ईंधन में पानी मिलाकर बेच रहा है?। जिससे उनके वाहनों को नुकसान हो रहा है और इंजन में खराबी आ रही है। वहीं लोगों ने भी बताया कि पिछले कुछ समय से उनके वाहन बार-बार खराब हो रहे थे। जब उन्हें इसका कारण समझ में नहीं आया तो लोगों ने पेट्रोल की गुणवत्ता पर संदेह जताया। और बड़ी संख्या में ग्रामीण पंप पर पहुंचे और पेट्रोल अपनी दो पहिए गाड़ी में डलवा कर वही पेट्रोल एक बोतल में निकाल कर देखा तो आधा पानी ओर आधा पेट्रोल निकला गया है।

जिसकी सूचना मीडियाकर्मियों को दी और मौके पर जाकर जांच की जिससे पेट्रोल में पानी मिलाकर बेचा जा रहा था ग्रामीणों ने बताया कि हम अपने मेहनत की कमाई से ईंधन खरीदते हैं लेकिन यहां हमें पानी दिया जा रहा है। इससे न केवल हमारा पैसा बर्बाद हो रहा है। बल्कि हमारे वाहनों की हालत भी खराब हो रही है। ग्रामीणों का मानना है कि इस तरह की मिलावट क्षेत्र के कई अन्य पंपों पर भी हो सकती है। जिससे उपभोक्ताओं में काफी असंतोष फैल रहा है। प्रशासन को पंप संचालकों को चेतावनी देने चाहिए जिससे ग्राहकों को परेशानियां ना हो सके। यदि ऐसी गतिविधियां अन्य स्थानों पर भी पाई गईं, तो सभी दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

***भगवां में पेट्रोल पंप पर नहीं है पुख्ता इंतजाम***

आपको बता दें कि भगवां नगर में संचालित पेट्रोल पंप पर मिलने वाली जन सुविधाओं का टोटा है ज्यादातर पंप संचालको की मनमानी के चलते ग्राहको को मिलने वाली सुविधाएं बदहाल हैं। कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल बेचने से लेकर हवा की व्यवस्थाएं नाबालिग बालकों के हाथ में सौंप दी है। और पेट्रोल पंपों पर हवा की मशीन खराब पड़ी हुई है। ग्राहकों के पूछने पर पंप के कर्मचारियों ने कहा, बगल के पंप पर हवा ले लीजिए। पंपों पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम नहीं है।

***इनका कहना है***

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है। जांच करवाई जाएगी यदि जांच में यह साबित होता है कि किसी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल में पानी मिलाया जा रहा है। तो उस पेट्रोल पंप के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

***पार्थ जैसवाल कलेक्टर छतरपुर***

# नये ट्रेक्टर का पूजन कराने जटाशंकर धाम जा रहे एक व्यक्ति की ट्राली के नीचे दबने से मौत



छतरपुर। टीकमगढ़ जिले से नए ट्रेक्टर का पूजन कराने जटाशंकर धाम जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार एक व्यक्ति की टायर के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई जिससे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ जिले के लारौन गांव के रहने वाले दीपचंद कुशवाहा के घर नया ट्रेक्टर आया था। जिसका पूजन पाठ व कन्या भोज कराने के लिए घर और गांव के करीब दो दर्जन से अधिक लोग ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर जटाशंकर धाम जा रहे थे तभी ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गहरवार के बढ़यारा के पास टैक्टर पर सवार रामकिशन पिता नाथू कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी लारौन जिला टीकमगढ़ ट्रैक्टर से फिसल कर टायर के नीचे आ गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना लगते ही ईशानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## जिला दंडाधिकारी ने आरोपी रविन्द्र सिंह परिहार के विरुद्ध जिला बदर का नोटिस किया जारी

छतरपुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी छतरपुर पार्थ जैसवाल ने एसपी के प्रतिवेदन पर थाना ओरछा रोड अंतर्गत निवासी ग्राम देरी के आरोपी रविन्द्र सिंह परिहार पिता सुल्तान सिंह उम्र 25 साल के विरुद्ध जिला बदर करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया कि उक्त आरोपी गम्भीर प्रकृति के हिंसा पूर्ण क्रियाकलापों में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के साथ लिप्त रहकर क्षेत्रीय जनता में भय एवं आतंक फैलाने के विचार से अपराध कारित करता है और भविष्य में भी संबंधित के द्वारा इस प्रकार के अपराधों के घटित होने की प्रबल संभावना है। इस प्रकार से आपराधिक रिकार्ड एवं आपराधिक कृत्यों तथा गतिविधियों के कारण आम नागरिक के मानव शरीर को सन्त्राश एवं भय की भावना उत्पन्न है, जिससे जनजीवन एवं जन-सम्पत्ति को खतरा उत्पन्न होकर लोकशांति भंग हो रही है। इस संबंध में जारी नोटिस का जवाब 8 नवंबर 2024 को कलेक्टर न्यायालय में दोपहर 3 बजे समक्ष में प्रस्तुत कर बताएं कि क्यों ना म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3/5/6 के अन्तर्गत एक वर्ष के लिए छतरपुर जिले एवं समीपवर्ती सीमा पर लगे हुए जिलों की भौगोलिक सीमाओं से निष्कासित कर दिया जाए।

# ई रिक्शा से लेजाई जा रही अवैध शराब जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार




छतरपुर। रात्रि भ्रमण के दौरान थाना कोतवाली पुलिस को बायपास रोड पर राजनगर तिगड्डा के पास अवैध शराब तस्करी की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ने वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंची, पुलिस को देखकर एक ई रिक्शा वापस मोड़ कर भागने का प्रयास करने लगा, संदेह के आधार पर ई रिक्शा का पीछा कर रोका गया। तलाशी लेने पर ई रिक्शा की सीट के नीचे 350 क्वार्टर अवैध शराब मात्रा 63 लीटर मिली। पूछताछ पर ई रिक्शा चालक ने अन्य व्यक्ति के द्वारा दी गई अवैध शराब परिवहन कर दूसरे स्थान पर पहुंचाना बताया।

अवैध शराब 63 लीटर कीमत करीब 32000 रुपये एवं प्रयुक्त वाहन ई रिक्शा जप्त कर ई रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया गया। अवैध शराब परिवहन में संलिप्त दोनों आरोपी रिक्शा चालक संजय उर्फ मिंटी अहिरवार निवासी कजरिया कुँवा के पास छतरपुर, लकी प्रजापति बेलदार मोहल्ला छतरपुर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई। ई रिक्शा चालक संजय उर्फ मिंटी के विरुद्ध एक अपराध पूर्व से दर्ज है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। अन्य आरोपी लकी प्रजापति की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद कुजूर, उप निरीक्षक खिस्तोफर टोप्पो, आरक्षक अभय सिंह राकेश चढ़ार एवं पुलिस टीम की मुख्य भूमिका रही।

# नवविवाहिता की गहरे गड्ढे में डूबने से मौत

छतरपुर। सोमवार की सुबह जिला अस्पताल से एक मामला सामने आया है जिसमें 19 साल की नवविवाहित महिला की गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। महिला सुबह कतकारियों के साथ कार्तिक स्नान करने गई थी अवैध उत्खनन से खोदा गया गहरी गड्ढे



में स्नान करते समय उसकी डूबने से मौत हो गई। परिजनों को जानकारी लगने पर उन्होंने बांस के डंडे के सहारे महिला को निकाला और इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया और बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। थाना पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मोहिनी पति गणेश यादव उम्र 19 साल निवासी मवासी गांव की रहने वाली है।6 माह पहले उसकी शादी बूढ़ा गांव के नवीन यादव से जटाशंकर धाम से हुई थी। अभी उसकी दूसरी विदा नही हुई थी। सोमवार की सुबह 7 बजे वह कतकरियो के साथ कार्तिक नहाने के लिए कैड़ी फोर लाइन के पास गड्ढे में बहिन दीपांशी यादव उम्र 14 साल के साथ गई थी तभी अन्य महिलाएं शौच के लिए निकल गई और वह अपनी छोटी बहन के साथ गड्ढे के पास बैठी थी। तभी उसकी छोटी बहन दीपांशी ने नहाने के लिए गड्ढे के गहरे पानी में छलांग लगा दी। बहन दीपांशी डूबने लगी उसको बचाने के लिए मोहिनी ने भी छलांग लगा दी। जब वह डूब रही थी तभी महिलाएं भी आ गई जिससे दीपांशी को बचा लिया गया वहीं मोहिनी पानी में डूब गई। महिलाओं ने पास के लोगों को जानकारी दी तभी लोगों ने डंडे की मदद से मोहिनी को बाहर निकाला और इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे में घोषित कर दिया। थाना पुलिस ने पंचनामा तैयार करते हुए बॉडी का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। वहीं थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321